भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **3867** जिसका उत्तर

गुरूवार, **18 मार्च**, 2021/27 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाना है

नए पत्तनों का निर्माण

†3867. श्रीमती मेनका संजय गांधी:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा निर्माण किए जाने के लिए प्रस्तावित नए पोत परिवहन और शुष्क (ड्राई) पत्तनों की संख्या कितनी है;

(ख) रेल लाइनों से से जोड़े गए/जोड़े जाने वाले विद्यमान और नए पत्तनों की संख्या कितनी है; और

(ग) देश में वर्तमान में निर्माणधीन पत्तनों के निर्माण को पूरा करने के लिए कितनी निधियां जारी/स्वीकृत की गई हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क): भारत सरकार ने महाराष्ट्र के वधावन में एक नए महापत्तन के विकास के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। भारत सरकार ने महाराष्ट्र में वर्धा और जालना में शुष्क पत्तनों के विकास के लिए भी स्वीकृति दी है।

(ख): सभी 12 महापत्तन रेलवे लाइन से जुड़े हैं। रेल संपर्कता में आगे सुधार के लिए सागरमाला कार्यक्रम के तहत 81 रेल संपर्कता परियोजनाएँ हैं जो महापत्तनों और लघु पत्तनों को संपर्कता प्रदान करती हैं/संपर्कता में सुधार करती हैं।

(ग): कोई धनराशि स्वीकृत/जारी नहीं की गई है।

*****